卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 169 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦27 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

# लॉकडाउन की अफवाहों का सरकार ने किया खंडन

## पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी और किरण रिजिजू ने की शांति की अपील

नई दिल्ली (उद संवाददाता)। ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच बढ़ते युद्ध के तनाव का असर अब वैश्विक स्तर पर दिखने लगा है। होर्मुज की खाड़ी में तेल के जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने से दुनिया भर में ऊर्जा संकट गहराने की आशंका जताई जा रही है। भारत में भी इसका प्रभाव पेट्रोल पंपों पर लगने वाली लंबी कतारों और एलपीजी की संभावित किल्लत की खबरों के रूप में सामने आया है। इसी अनिश्चितता के माहौल में सोशल मीडिया पर देशव्यापी



लॉकडाउन लगने की अफवाहें तेजी से फैल गईं, जिससे आम जनता में भारी बेचैनी और डर का माहौल बन गया है। केंद्र सरकार ने इन सभी अटकलों और अफवाहों को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि सरकार की ऐसी कोई योजना नहीं है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने शुक्रवार को आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि लॉकडाउन की खबरें पूरी तरह निराधार और झूठी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी कि सरकार ऐसा कोई कदम उठाने पर विचार नहीं कर रही है। उन्होंने जनता से इस चुनौतीपूर्ण समय में संयम और जिम्मेदारी दिखाने (शेष पृष्ठ सात पर)

# प्रधानमंत्री मोदी से मिले सीएम धामी

## राज्य के विकास में केंद्र के सहयोग के लिए जताया प्रधानमंत्री का आभार

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड के विकास के लिये केंद्र सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र के सहयोग से राज्य विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को उत्तराखंड आगमन का भी निमंत्रण प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को टिहरी जनपद में स्थित शक्तिपीठ मां सुरकंडा देवी की रेप्लिका, बद्री गाय का घी के



साथ ही राज्य के अलग- अलग जिलों से मंगाई पांच प्रकार की राजमा और शहद भेंट किए। मुख्यमंत्री ने हरिद्वार कुम्भ-2027 के लिए 500 करोड़ रुपये की सहायता, नदी जोड़ो परियोजना के अंतर्गत नेशनल वाटर डेवलपमेंट एजेंसी द्वारा फिजिबिलिटी स्टडी, राजाजी नेशनल पार्क स्थित चौरासी कुटिया के विकास के लिए 100 करोड़ की स्वीकृति, पिथौरागढ़ के नैनी-सैनी हवाई पट्टी हेतु एमओयू और चारधाम यात्रा के लिए सुरक्षित हेली सेवाओं हेतु संचालन में सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद दिया। (शेष पृष्ठ सात पर)

# यूट्यूब वीडियो से मिले नंबर पर कॉल करना पड़ा महंगा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति को यूट्यूब से मिले फर्जी कस्टमर केयर नंबर पर विश्वास करना भारी पड़ गया। ठग ने सहायता करने के नाम पर मोबाइल में ऐप डाउनलोड करवाकर पीड़ित के खाते से एक लाख रुपये उड़ा लिए। पीड़ित ने कोतवाली ट्रांजिट कैंप में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस को दी गई तहरीर में ठाकुर नगर, ट्रांजिट कैंप निवासी धर्मपाल पुत्र लदूरी लाल ने बताया कि वह मूल रूप से बरेली, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। घटनाक्रम के अनुसार, बीते 22 फरवरी को धर्मपाल ने बल्ली फन्टी वाले को 8,670 रुपये ऑनलाइन भेजे थे, लेकिन वे पैसे संबंधित व्यक्ति के पास नहीं पहुंचे। ट्रांजैक्शन की समस्या के समाधान के लिए धर्मपाल ने यूट्यूब पर सहायता वीडियो देखी, जहां उसे एक मोबाइल नंबर मिला। धर्मपाल ने जब उस नंबर पर कॉल की, तो दूसरी ओर से बात कर रहे व्यक्ति ने खुद को कस्टमर केयर प्रतिनिधि बताया। जालसाज ने पीड़ित को विश्वास में लेकर मोबाइल में श्नेबी ऐपश डाउनलोड करवाया और वीडियो कॉल करने को कहा। इसके बाद ठग के निर्देशानुसार धर्मपाल ने मोबाइल स्क्रीन पर कुछ क्लिक किए और अपना बैलेंस चेक किया। इसी दौरान जालसाज ने (शेष पृष्ठ सात पर)

# केमू की बस पलटने से एक की मौत,आठ घायल

## खुपी क्षेत्र में टैक्सी को ओवरटेक करने के प्रयास में हुआ हादसा

नैनीताल (उद संवाददाता)। खुपी क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें हल्द्वानी से डीडीहाट जा रही केमू की बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस हादसे में एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ और दमकल विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। आपदा कंट्रोल रूम नैनीताल को दुर्घटना की सूचना सुबह 07:27 बजे मिली, जिसके तुरंत बाद एसडीआरएफ पोस्ट नैनीताल से उप



निरीक्षक मनीष भाकुनी के नेतृत्व में टीम रेस्क्यू उपकरणों के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुई। बताया जा रहा है कि केमू की बस संख्या यूके 04पीए 1112 हल्द्वानी से डीडीहाट की ओर जा रही थी और उसमें लगभग 14 से 16 यात्री सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, खुपी क्षेत्र में बस ने भवाली की ओर जा रहे एक टैक्सी वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की, तभी दोनों वाहनों में जोरदार टक्कर हो गई और बस संतुलन खोकर सड़क पर ही पलट गई। बस पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को बस से बाहर निकालने में मदद की। एसडीआरएफ और पुलिस की टीम ने त्वरित रेस्क्यू अभियान चलाते हुए बस में फंसे सभी यात्रियों को बाहर निकाला। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही जान चली गई, जिसका शव पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)

# लाखों की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। कोतवाली रुद्रपुर पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने काशीपुर रोड पर घेराबंदी कर दो शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 104.65 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों में आंकी जा रही है। पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह खत्री और उपनिरीक्षक दीपक बहुगुणा के नेतृत्व में पुलिस टीम 26 मार्च को क्षेत्र में चेकिंग अभियान पर थी। इसी दौरान दानपुर से आगे बाबा संदीप सिंह चीमा द्वार के पास सर्विस रोड पर एक सफेद रंग की आर्टिगा कार संख्या यूके 04 एबी 1193 संदिग्ध अवस्था में खड़ी दिखाई दी। पुलिस टीम ने जब कार को घेरकर तलाशी लेने का प्रयास किया, तो उसमें सवार दो युवकों ने भागने की कोशिश की, जिन्हें आवश्यक बल प्रयोग कर मौके पर ही दबोच लिया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमरजीत और सुखदेव सिंह के रूप में हुई है, जो गदरपुर के खुशालपुर क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने जब कार के डैशबोर्ड और हैंडरेस्ट की तलाशी ली, तो वहां मोबाइल चार्जर के पास एक पारदर्शी पन्नी में भूरे रंग का पाउडर बरामद हुआ। डीडी किट से परीक्षण करने पर इसके स्मैक (हेरोइन) होने की पुष्टि हुई। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे पहले भी स्मैक तस्करी के मामले में जेल (शेष पृष्ठ सात पर)

# सम्मोहित कर महिला से जेवर लूटने वाला दबोचा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर की शांति विहार कॉलोनी में एक महिला को अपनी बातों के जाल में फंसाकर और सम्मोहित कर लाखों के जेवरात ठगने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के एक सदस्य को उत्तर प्रदेश के बरेली से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, जबकि उसके दो अन्य साथी अभी फरार हैं जिनकी तलाश में दबिश दी जा रही है। पुलिस के अनुसार, आशु डालमिया निवासी शांति विहार कॉलोनी ने तहरीर देकर बताया कि बीती 8 मार्च को दोपहर करीब 12 बजे उनकी माता जी बाजार से सब्जी लेने जा रही थीं। घर के पीछे गली में एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें रोका और किसी का पता पूछने के बहाने बातचीत शुरू की। बातों ही बातों में उस व्यक्ति ने महिला को इस कदर अपने प्रभाव और बहकावे में ले लिया कि वह सुध-बुध खो बैठीं। शातिर ठग के इशारे पर महिला वापस घर आईं और घर में रखे सोने के कुंडल के दो सेट, चार अंगूठियां, एक गले का सेट और दो सोने की चेन लेकर बाहर निकल गईं। शातिर ठग के साथ उसके दो अन्य साथी भी पास के शिव मंदिर के पास खड़े होकर इंतजार कर रहे थे। ठग महिला को घर के पीछे वाली गली में ले गए और उनके सारे जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना के बाद महिला जब घर लौटीं तो वह अचानक बेहोश हो गईं। होश आने पर जब उन्होंने पूरी आपबीती परिजनों को बताई तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों और सुरागरसी की मदद से जांच (शेष पृष्ठ सात पर)

# ...तो 'फर्जी वोटों' से जीतते चले आ रहे हैं रुद्रपुर के विधायक ?

## प्री-एसआईआर के दौरान निर्वाचन आयोग की रडार पर आए संदिग्ध मतदाता,विधानसभा क्षेत्र के 42प्रतिशत से अधिक मतदाताओं का नहीं मिला पिछला रिकॉर्ड

**-अर्श-**

रुद्रपुर । पंचायत चुनाव के समय से ही उत्तराखंड में दोहरी वोटर आईडी और फर्जी मतदाताओं द्वारा मतदान का मामला काफी तूल पकड़ता चला आ रहा है और यह विषय उच्च न्यायालय की संज्ञान में लाए जाने पर नैनीताल उच्च न्यायालय ने इसे गंभीर मानते हुए दो स्थानों पर नाम वाले प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने से रोकने के आदेश दिए थे और इस विषय को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग पर सख्त टिप्पणी भी की थी, लेकिन स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रस्तावित होने के कारण इस मामले पर निर्वाचन आयोग द्वारा तात्कालिक रूप से कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई, मगर अब निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जाने वाले स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के पहले कराए जा रहे प्री- स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन, जिसमें बीएलओ द्वारा अपने-अपने बूथ के मतदाताओं की मैपिंग की जा रही है, से राज्य भर में ऐसे आंकड़े सामने आ रहे हैं ,जिन्होंने निर्वाचन आयोग को तो सकते में डाल ही दिया है ,साथ ही दोहरी वोटर आईडी और फर्जी एवं संदिग्ध मतदाताओं को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है. आंकड़ों पर नजर डालें तो निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार इस समय प्रदेश में कुल 84 लाख 19 हजार 8 मतदाता है. जिसमें से केवल 65 लाख 45657 मतदा ही बीएलओ द्वारा वेरीफाई किए गए हैं। इस तरह देखा जाए तो उत्तराखंड में करीब 18 लाख से ज्यादा



मतदाताओं के या तो कोई पुराने रिकॉर्ड नहीं मिल पा रहे हैं या फिर वह मैपिंग में हिस्सा नहीं ले रहे. इस मामले में सबसे खराब स्थिति मैदानी क्षेत्र की दिखाई देती है. दूसरे शब्दों में कहें तो राज्य के मैदानी जिलों की मतदाता सूची में साल 2003 की मतदाता सूची की तुलना में भारी संख्या में नए मतदाताओं के नाम की प्रविष्टियां हुई है, इसलिए यहां संदिग्ध मतदाताओं की संख्या पहाड़ी क्षेत्र के मुकाबले अधिक है. राज्य के जिन तीन जिलों में 80% से कम मतदाताओं की मैपिंग हो पाई है, उनमें देहरादून उधम सिंह नगर और नैनीताल सम्मिलित हैं। राज्य निर्वाचन आयोग से छनकर आए आंकड़ों के मुताबिक देहरादून जिले में केवल 61. 22 उधम सिंह नगर जिले में 67.5 तथा नैनीताल जिले में 77.47 प्रतिशत मतदाताओं की ही मैपिंग हो सकी है। बात उधम सिंह नगर जिले की करें तो जिले की रुद्रपुर, काशीपुर बाजपुर एवं किच्छा विधानसभा की मतदाता सूची में संदिग्ध मतदाताओं की संख्या काफी ज्यादा है। जहां तक उधम सिंह नगर जिला मुख्यालय रुद्रपुर का सवाल है, तो रुद्रपुर में अब तक केवल 57.55% तथा काशीपुर में 59.6 1% मतदाताओं के नाम ही वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैच हो सके हैं। इस तरह रुद्रपुर विधानसभा में 42.45 प्रतिशत मतदाता या तो संदिग्ध है अथवा फर्जी हैं। रुद्रपुर विधानसभा की मतदाता सूची के तकरीबन 42. 45 प्रतिशत मतदाताओं के नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैच न करने और उनका कोई पुराना रिकॉर्ड न होने का तथ्य सामने आने के बाद शहर के विभिन्न मोहल्लों के चौक चौबारों मेंअब यह चर्चा आम हो गई है कि क्या रुद्रपुर के विधायक अभी तक फर्जी वोटो से (शेष पृष्ठ सात पर)

# मुख्यमंत्री ने दी विकास योजनाओं के लिए 242 करोड की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगरीय अवस्थापना सुविधाओं, शारदा रिवर फ्रंट, हरिद्वार मास्टर प्लान, ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर, क्षतिग्रस्त सडको एवं पुलो के निर्माण, बाढ सुरक्षा कार्यो,



सडकों के निर्माण, अतिथि ग्रहो एवं विभिन्न कार्यालय भवनों के निर्माण एवं अन्य अवस्थापना विकास से संबंधित योजनाओ के लिए ₹242 करोड की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने नियोजन विभाग के अन्तर्गत यूआईआईडीबी के स्तर से संचालित विभिन्न परियोजनाओं यथा शारदा रिवर फ्रन्ट परियोजना, हरिद्वार मास्टर प्लान, ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर एवं अन्य योजनाओं हेतु ₹109 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य योजना अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र पौड़ी के विकास खण्ड कोट में गोदी बजूण मोटर मार्ग में पुन: निर्माण एवं सुधारीकरण कार्य हेतु 3.15 करोड़, विकास खण्ड कोट में कोटा देवप्रयाग से व्यासघाट मोटर मार्ग में पुन:निर्माण एवं सुधारीकरण कार्य हेतु 3.28 करोड, जनपद देहरादून के विकास खण्ड सहसपुर-बी में मसूरी के अन्तर्गत देहरादून- मसूरी स्टेट हाईवे संख्या 1 पर किमी० 18 में, क्षतिग्रस्त सिंगल लेन सेतु के स्थान पर 60 मी० स्पान के दो लेन क्लास ए लोडिंग बॉक्स सेतु के निर्माण हेतु 12 करोड, जनपद उधम सिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र रूदपुर छत्तरपुर से शांति विहार होते हुए भूरारानी ग्राम तक मोटर मार्ग का हॉटमिक्स द्वारा पुन:निर्माण कार्य हेतु 2.47 करोड़ स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा हर-की-पौड़ी से मां चण्डी देवी, मां मनसा देवी एवं मल्टी मॉडल हब रोपवे परियोजना के अन्तर्गत मनसा देवी स्टेशन हेतु उक्त स्थल पर अतिरिक्त सुरक्षा उपायों के तहत मनसा देवी पहाड़ी पर चट्टान/मिट्टी की स्थिरता का विश्लेषण आई०आई०टी०, रुड़की से कराये जाने में आने वाली लागत 46.89 लाख का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा पुलिस महानिरीक्षक कैम्प कार्यालय, हल्द्वानी परिसर में कार्यालय भवन (प्रधान लिपिक, गोपनीय सहायक, वाचक शाखा, अवर अभियन्ता कक्ष, सीसीटीएनएस, साईबर, मीडिया, शिकायत सैल कार्यालय) के निर्माण हेतु संस्तुत धनराशि 1.62 करोड, आईआरबी द्वितीय वाहिनी देहरादून (प्लॉट नम्बर-02) में मौजूदा भवनों के ऊपर टाईप-द्वितीय के 04 एवं टाईप-तृतीय के 04 आवासीय भवनों के निर्माण कार्य हेतु 3 करोड, आई०आर०बी० द्वितीय वाहिनी देहरादून में आरक्षी आधारभूत (संस्थागत) प्रशिक्षण हेतु 240 बैडेड बैरक के निर्माण हेतु 9.77 करोड का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने व्यय वित्त समिति की संस्तुति के आलोक में जनपद पौड़ी गढ़वाल के द्वारीखाल/एकेश्वर विकास खण्ड के अन्तर्गत सतपुली बैराज की पुनरीक्षित लागत हेतु 76.35 करोड, नाबार्ड से वित्त पोषित कराये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला के ग्राग जुम्मा अन्तर्गत रौडा से पांखर मार्ग निर्माण किये जाने हेतु 79.98 लाख, जनपद उधम सिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र बाजपुर में शिवपुरी मजदूर बस्ती में 600 मीटर सी०सी० मार्ग का निर्माण किये जाने हेतु 57.96 लाख, जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ हेतु मुख्य सड़क से अन्तर्राष्ट्रीय पुल एवं थाना झूलाघाट तक हल्का मोटर इन्टर लॉकिंग टाईल्स मार्ग निर्माण किये जाने हेतु 58.16 लाख स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र चम्पावत हेतु चल्थी नौलापानी मार्ग (पी.एम.जी.एस.वाई) के सुधारीकरण कार्य हेतु 2.62 करोड. विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट हेतु रीठा साहिब से भीडार होते हुए वन्य जीव अभ्यारण (नधौर) ट्रैकिंग रूट का निर्माण किये जाने हेतु 55.57 लाख के साथ ही जनपद उधम सिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र खटीमा के अन्तर्गत खटीमा अधिवक्ता एसोसिएशन जिला उधम सिंह नगर को अधिवक्ताओं के लिए पक्के चौम्बर्स का निर्माण किये जाने हेतु 80 लाख स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा राज्य अतिथि गृह, सर्किट हाउस एनेक्सी के सिविल/विद्युत अनुरक्षण कार्यों, रिनोवेशन/पुनरोद्वार सम्बन्धी कार्यों हेतु 7.53 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री ने पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु जनपद हरिद्वार के नगर पंचायत, इमलीखेड़ा के कार्यालय भवन के निर्माण हेतु 1.58 करोड की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा राज्यों के लिए पूंजी निवेश विशेष सहायता के अन्तर्गत स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट के त्वरित परिवहन हेतु कूड़ा परिवहन वाहनों की आपूर्ति हेतु 3.92 करोड राज्य नगरीय अवस्थापना सुविधाओं का विकास निधि मद से वित्त पोषित कराये जाने के साथ ही नगर पालिका परिषद, कालाढूंगी क्षेत्रान्तर्गत स्ट्रीट लाईट की स्थापना हेतु 1.49 करोड की योजना को नगरीय अवस्थापना सुविधाओं का विकास निधि से वित्त पोषित कराये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने लोकतंत्र सेनानी सम्मान राशि की आवेदिका श्रीमती कान्ता देवी पत्नी स्व० लाखन सिंह, निवासी हीरानगर, वार्ड नम्बर-7, शागुडी गार्डन, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जनपद नैनीताल को आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि, दिनांक 26.04.2024 से 20 हजार प्रतिमाह लोकतंत्र सेनानी सम्मान राशि अनुमन्य किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

# वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम में श्रद्धाभाव से मना महाअष्टमी पर्व

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वर्ग फार्म स्थित प्राचीन श्री वैष्णो देवी मंदिर वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम में पूज्यनीय वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी ब्रह्मलीन मां हंसेश्वरी भारती महाराज के सानिध्य में महाअष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भक्तों द्वारा किए गए कीर्तन से हुआ, जिसके पश्चात स्वर्ग फार्म वाली देवी की तपोस्थली के पट खोले गए। श्रद्धालुओं ने ब्रह्मलीन माता के





स्वरूप और खेत्री के दर्शन कर शीश नवाया। मंदिर प्रांगण में आयोजित भव्य हवन में बड़ी संख्या में अनुयायियों ने आहुतियां डालीं और इसके बाद भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि में विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया, जिसका पूजन जग्गा परिवार द्वारा संपन्न कराया गया। वैष्णो भजन मंडल ने भगवती आह्वान, गणेश वंदना और गुरु वंदना के साथ भजनों की श्रृंखला शुरू की। हरिधाम से पधारे महंत मनीष सलूजा, तुलसी धाम से आए भक्त बिल्लू खुराना, सुषमा अग्रवाल और रमेश ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। इसके पश्चात मुरादाबाद के प्रसिद्ध भजन गायक राजेंद्र पप्पू चावला ने मेहरावलिए माई, सुन नगरकोट दी रानिये और चलो चलिए गुलाबी रुत आइया जैसे भजनों से श्रोताओं को भक्ति के रस में सराबोर कर दिया। महंत श्याम खुराना ने तारा रानी की अमर कथा सुनाई, जिसके बाद आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, सतनाम सिंह पप्पू, राजकुमार सीकरी, पल्ली गाबा, हरीश अरोड़ा, महिंद्र गाबा, नरेश कुमार घई, जगदीश अरोड़ा, नीलम, मोना, राखी, चरणजीत, लक्की, चमन लाल अरोड़ा, राजीव ग्रोवर, राजेश ग्रोवर, रूबी, राकेश डूडेजा, सूरज कक्के, शम्मी अरोड़ा, सुरेंद्र गुंबर, गौरव गुंबर, गोगी, पॉली, टोनी अरोरा, जिगर गुंबर, पवन घई, राजीव घई, जुगनू, हुकमसिंह भंडारी, सोनू, पूजा घई, आरती घई, बिमला, कंचन डीयू, प्रीति ग्रोवर, सुषमा अग्रवाल, पवन अग्रवाल, जया आनंद, सुनीता अरोड़ा, नीलम, मोना, सीमा पोपली, राखी उप्पल, कविता सोढ़ी, निशा, गगन गुंबर और मनु गुंबर सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रामनवमी पर श्री सत्यनारायण मंदिर में हुआ सुंदरकांड और कन्या पूजन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री सत्यनारायण मंदिर में रामनवमी के पावन अवसर पर सुंदरकांड का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में मंदिर के मुख्य पुजारी चन्द्रशेखर जोशी द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल द्वारा मनमोहक भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। आरती के पश्चात देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर श्री सत्यनारायण



मंदिर कमेटी के संरक्षक गौरीशंकर चड्ढा, अध्यक्ष पंकज कपूर, सचिव ठाकुरदास कपूर, कोषाध्यक्ष त्रिलोक नारायण, भूषण गुलाटी और राजकुमार आनंद सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पंकज कपूर ने उपस्थित सभी भक्तों को नवरात्रि एवं रामनवमी की हार्दिक बधाई देते हुए सुख-समृद्धि की कामना की।

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी भव्य पालकी यात्रा

रुद्रपुर। गल्ला मण्डी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर में इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव और श्री सालासर बालाजी महाराज विग्रह स्थापना दिवस को भव्य और श्रद्धापूर्ण तरीके से मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर समिति की ओर से आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष गुलशन नारंग ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि ब्रह्मलीन महंत रमेश वाधवा जी की प्रेरणा से पंचमुखी हनुमान मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी धार्मिक अनुष्ठानों की विशेष श्रृंखला तैयार की गई है। कार्यक्रमों का शुभारंभ 31 मार्च को प्रात: 6 बजे श्री बालाजी महाराज के भव्य चोला



श्रृंगार के साथ होगा, जिसमें प्रभु का अलौकिक रूप भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहेगा। अगले दिन 1 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर शहर में पहली बार प्रमुख मार्गों से श्री बालाजी महाराज की भव्य पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शाम चार बजे मंदिर परिसर से शुरू होगी, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर प्रभु का गुणगान करेंगे। 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रात्रि आठ बजे से मंदिर में भव्य दरबार सजाया जाएगा। इस दिव्य दरबार में भजन गायकों द्वारा देर रात तक बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभु को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे और दरबार में होने वाली फूलों की वर्षा विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। समिति द्वारा रात्रि आठ बजे से ही विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों भक्तों के लिए प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। अध्यक्ष गुलशन नारंग ने नगर के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से इन सभी धार्मिक कार्यक्रमों में सपरिवार पहुंचकर और बालाजी महाराज के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# जी.डी. गोयंका स्कूल का होगा विस्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के प्रतिष्ठित जी.डी. गोयंका पब्लिक स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए अपने भव्य विस्तार की घोषणा की है। क्षेत्र के अभिभावकों की लगातार बढ़ती मांग और आधुनिक संसाधनों की आवश्यकता को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन ने संस्थान को एक विशाल एजुकेशनल और फ्यूचर बिल्डिंग सेंटर के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। रुद्रपुर और आसपास के क्षेत्रों के अभिभावकों द्वारा लंबे समय से स्कूल में विश्वस्तरीय सुविधाओं और अधिक स्थान की आवश्यकता जताई जा रही थी। जनहित और छात्रों के सर्वांगीण विकास को सर्वोपरि रखते हुए प्रबंधन ने परिसर में व्यापक विस्तार के साथ एक अत्याधुनिक भव्य ऑडिटोरियम के निर्माण का संकल्प लिया है। इसी क्रम में विद्यालय परिसर में पूर्ण विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस गौरवशाली अवसर पर चेयरमैन अतुल गोयल, निदेशक मंडल के सदस्य रोहित गोयल, रुचि गोयल, निधि गोयल, मुकुंज गोयल, शिवाली गोयल एवं सनी वर्गीस उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रिंसिपल रूपाली पुरी सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और इस नई शुरुआत का स्वागत किया। चेयरमैन अतुल गोयल ने कहा कि अभिभावकों का अटूट विश्वास ही विद्यालय की असली पूंजी है और उनकी मांग व बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए ही इस विस्तार योजना को धरातल पर उतारा गया है। प्रिंसिपल और शिक्षकों ने इस प्रोजेक्ट को एक बड़ी उपलब्धि बताया जो आने वाले समय में विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्रदान करेगा। भूमि पूजन के साथ ही निर्माण कार्य का औपचारिक शुभारंभ हो गया है।



# मेडिकल कॉलेज में वरिष्ठ सर्जन डा. शाही ने किया जटिल ऑपरेशन

## बुजुर्ग की बड़ी आंत से निकाला ढाई किलो का ट्यूमर

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पंडित राम सुमेर राजकीय मेडिकल कॉलेज में वरिष्ठ सर्जन केदार सिंह शाही ने एक अत्यंत



जटिल ऑपरेशन कर 62 वर्षीय बुजुर्ग को जीवनदान दिया है। मरीज की बड़ी आंत में करीब ढाई किलो का कैंसरयुक्त ट्यूमर विकसित हो चुका था जो किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकता था। दिनेशपुर निवासी यह बुजुर्ग पिछले छह महीनों से पेट के असहनीय दर्द से पीड़ित था और इलाज के लिए उत्तराखंड से लेकर उत्तर प्रदेश तक कई अस्पतालों के चक्कर लगा चुका था। कई जगह जोखिम अधिक होने के कारण चिकित्सकों ने हाथ खड़े कर दिए थे जिससे परिवार की उम्मीदें टूटने लगी थीं। अंतत: परिजन मरीज को लेकर रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां वर्तमान में चिकित्सा अधीक्षक के पद पर कार्यरत वरिष्ठ सर्जन केदार सिंह शाही ने मामले की कमान संभाली। चिकित्सा अधीक्षक केदार सिंह शाही ने बताया कि बुजुर्ग मरीज जब अस्पताल पहुंचा तो उसकी स्थिति काफी गंभीर थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मरीज को तुरंत भर्ती कर तीन दिनों तक गहन निगरानी में रखा गया। सभी आवश्यक जांचें पूरी होने के बाद बड़ी आंत में ढाई किलो के खतरनाक ट्यूमर की पुष्टि हुई। इसके बाद केदार सिंह शाही ने लगभग दो घंटे तक चले इस चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन को राइट हेमीकोलेक्टॉमी विद पेरीटोनियेक्टॉमी विधि से सफलतापूर्वक संपन्न किया। सफल सर्जरी के बाद मरीज की हालत अब पूरी तरह स्थिर है और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। इस सफलता पर केदार सिंह शाही ने कहा कि वर्तमान में लोग पेट की छोटी तकलीफों को नजरअंदाज कर स्वयं दवाइयां लेना शुरू कर देते हैं जो बाद में गंभीर बीमारी का रूप ले लेती हैं। इस मरीज के मामले में भी स्थिति काफी विकट हो चुकी थी लेकिन समय रहते सर्जरी से जान बचा ली गई। उन्होंने जनसामान्य से अपील की है कि पेट दर्द, वजन घटने या खून आने जैसे लक्षणों को हल्के में न लें और स्वयं इलाज करने के बजाय तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सकों से संपर्क करें ताकि सही समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित हो सके।

# तरायी में ग्रीष्मकालीन धान की खेती पर लगी रोक हटाई

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश के किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ग्रीष्मकालीन धान की खेती पर लगी रोक को समाप्त करने का ऐलान किया है। इस निर्णय से विशेष रूप से तराई एवं दलदली भूमि वाले क्षेत्रों के किसानों को बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के कई हिस्सों में वर्षों से ग्रीष्मकालीन धान की खेती होती आ रही है और इन क्षेत्रों की भूमि दलदली होने के कारण धान के अतिरिक्त अन्य फसलों का उत्पादन संभव नहीं है। ऐसे में किसानों की आजीविका और हितों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि ग्रीष्मकालीन धान की खेती पर अब कोई रोक नहीं रहेगी। इस निर्णय का स्वागत करते हुए जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और उन्हें किसानों का सच्चा हितैषी बताया। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या ने भी मुख्यमंत्री के इस फैसले को सराहनीय बताते हुए धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। किसानों के हित में लिए गए इस निर्णय से क्षेत्र के किसान उत्साहित हैं और इसे उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।





# कन्या पूजन और विशाल भंडारे के साथ नवरात्रि महोत्सव का समापन

## हवन यज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां, महापौर विकास शर्मा ने क्षेत्र की खुशहाली की कामना की

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री रामनवमी के पावन पर्व और चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में श्री नीलकंठ धाम के तत्वावधान में आयोजित माता की चौकियों का भव्य समापन हवन, कन्या पूजन और विशाल भंडारे के साथ पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही नीलकंठ धाम में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्वान पंडित संतोष मिश्रा के नेतृत्व और नीलकंठ धाम के महंत व नगर निगम महापौर विकास शर्मा के सानिध्य में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात आयोजित भव्य हवन यज्ञ में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूर्ण आहुति देकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। हवन की पूर्णाहुति के उपरांत परंपरा के अनुसार कन्या पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें नन्ही कन्याओं को माता का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया और उन्हें श्रद्धापूर्वक प्रसाद एवं उपहार भेंट किए गए। दोपहर पश्चात विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ, जिसमें नगर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस पावन अवसर पर महंत एवं महापौर विकास शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी भाईचारे का संचार करते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से चांद किशन शर्मा, चन्द्रकांता शर्मा, अनिल चौहान, रामपाल सिंह, राकेश शर्मा, प्रमोद मित्तल, मनीष मित्तल, राकेश सिंह, देव मेनन, चिराग कालड़ा, विवेक दीप सिंह, पारस चुघ, पम्मी सुखीजा, शिवांश सुखीजा, हिमांशु शुक्ला, हरवीर राठी, हरवेश मनोचा, संदीप मनोचा, ललित नारंग, सुरेंद्र शर्मा, चंद्रसेन गंगवार, दीपक शर्मा, राजीव मनोचा, पवन खनिजों, पवन रंगीला, मोहित अरोड़ा, विजय तोमर, अनुज पाठक, रोहित मदान, मुकेश शर्मा, रोशन अरोरा,अमन खुराना, गौरव खुराना, सोनू, संदीप वाल्मीकि, मुकेश भटनागर, काशीराम, रविंद्र वार्ष्णेय, मीना वार्ष्णेय, यशी वार्ष्णेय, सीमा नारंग, रीना सुखीजा, कंचन नारंग, पूनम मदान, नीलू खुराना, गीता शर्मा, भूमिका शर्मा, संगीता बठला, सुमन मनोचा, अनीता मनोचा, विमला, सिमरन कालरा, रेशू सक्सेना, श्वेता, नेहा अरोड़ा, प्रिया मनोचा, मोना खुराना, राजेंद्र कौर, इंद्रजीत कौर, मुस्कान खनिजों, सीमा रानी, रामबेटी, चिका शर्मा और आशा मुंजाल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में धूमधाम से मनेगा हनुमान जन्मोत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बालाजी मण्डल दिनेशपुर के महंत गौरव अग्रवाल के सानिध्य में आगामी 2 अप्रैल को श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। जानकारी देते हुए बाबा भक्त शिव कुमार ने बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव हर वर्ष की तरह इस बार भी दिनेशपुर बालाजी मंदिर में धूमधाम से मनाया जायेगा। इसके लिए जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 2 अप्रैल को प्रात: श्री बालाजी महाराज, भैरव जी महाराज और प्रेत राज सरकार का स्वर्ण चोला श्रृंगार होगा और बाबा को छप्पन भोग लगाये जायेंगे। इसके पश्चात प्रात: दस बजे से मंदिर में बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजेगा जिसमे दिन भर भजन गायक बालाजी महाराज का गुणगान करेंगे। इस दौरान दिन भर विशाल भंडारा भी आयोजित होगा। बाबा भक्त शिव कुमार ने सभी धर्म प्रेमियों से दरबार में पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।



# अखंड महानाम संकीर्तन में भक्ति भाव से झूमे श्रद्धालु

रुद्रपुर। मुखर्जी नगर जगतपुरा में सार्वजनिक मां काली पूजा कमेटी के तत्वाधान में आयोजित श्री श्री अखंड महानाम संकीर्तन महोत्सव में भक्ति और श्रद्धा की अविरल धारा बही। इस धार्मिक आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से आई कीर्तन मंडलियों ने 'हरे रामा-हरे कृष्णा' का भावपूर्ण संकीर्तन कर संपूर्ण क्षेत्र के वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। इस पावन अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने विशेष रूप से शिरकत की और संकीर्तन श्रवण कर क्षेत्र की खुशहाली व सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि नाम संकीर्तन के माध्यम से ही मनुष्य को मानसिक शांति और आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त होती है। संकीर्तन महोत्सव में ठाकुर हरषित संप्रदाय, श्री राधा कृष्ण संप्रदाय, श्री श्री गोपाल संप्रदाय, राधे राधे संप्रदाय, राधा रानी संप्रदाय और कृष्णदासी संप्रदाय जैसी प्रतिष्ठित कीर्तन मंडलियों ने



अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष कनेक मण्डल, महासचिव गौरव मण्डल, कोषाध्यक्ष श्यामा रंग, बलाई विश्वास, नारायण मण्डल, अमृत लाल, तपन गोलदार, हरीश विश्वास, शंकर मण्डल, हरेन अधिकारी, गोपाल रंग, सुरेन मण्डल, सपन साना, मंटू साना, जयदेव मण्डल, दिलीप मण्डल, प्रदीप अधिकारी, सुकुमार सरकार, रोहित गोलदार, दुलाल विश्वास, नारायण विश्वास, ब्रजेन मण्डल, महादेव मण्डल, ननी गोपाल, दिलीप वैध, विष्णु, विकास विश्वास, निरंजन विश्वास, सहदेव बुधुक, हरीश मल्लिक, भगीरथ विश्वास, संतोष, विष्णु राय, देवाशीष मण्डल, देवव्रत मण्डल, देवव्रत साना, वंकित मण्डल, कृष्णा मण्डल, पवित्र मण्डल, अखिलेश मण्डल, जगदीश राय, मिलन राय, अशोक विश्वास, उत्तम मण्डल, संजीव रंग, दयाल मण्डल, ब्रजेन विश्वास, गणोधर साना, संजीव मण्डल, देव मिस्त्री, मदन मण्डल, दीपक सरकार, तरूणी और मंगल सरकार सहित तममाम लोग मौजूद रहे।

# किच्छा विधानसभा में पांच सड़कों के लिए मिली 317 लाख की स्वीकृति

किच्छा(उद संवाददाता)। किच्छा विधानसभा क्षेत्र में आवागमन को सुगम बनाने और यातायात व्यवस्था को बेहतर करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। विधायक तिलक राज बेहड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप राज्य योजना के अंतर्गत क्षेत्र की पांच प्रमुख सड़कों के निर्माण और सुधार कार्यों के लिए 317.28 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इस धनराशि से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी और आमजन को बेहतर सड़क सुविधाएं उपलब्ध होंगी। स्वीकृत निर्माण कार्यों के विवरण के अनुसार पंतनगर विश्वविद्यालय परिसर की अवशेष सड़कों के सुधारीकरण के लिए 1.975 किमी लंबाई हेतु 99.36 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा ग्राम गंगापुर में गंगापुर मंदिर से सर्वजीत के खेत तक 1.650 किमी मोटर मार्ग के डामरीकरण हेतु 86.83



लाख, नजीबाबाद स्थित धौराडाम में प्रधान लाइन में भगवान सिंह के घर से गुरमीत सिंह के घर तक 0.700 किमी सड़क निर्माण हेतु 41.19 लाख, ग्राम आजादनगर नौगवां मलपुरा मोटर मार्ग के 1.190 किमी पुनर्निर्माण हेतु 50.97 लाख तथा ग्राम भगवानपुर में 0.600 किमी मोटर मार्ग के डामरीकरण हेतु 38.93 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपने बयान में कहा कि किच्छा विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं और सड़कों का सुदृढ़ीकरण उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है क्योंकि बेहतर सड़कें ही विकास की आधारशिला होती हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच संपर्क मजबूत होगा। इन महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति के लिए विधायक तिलक राज बेहड़ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और लोक निर्माण विभाग मंत्री सतपाल महाराज का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# सीएम पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का हो त्वरित निस्तारण

हल्द्वानी (उद संहवाददाता)। बहुउद्देशीय भवन के मीटिंग हॉल में डॉ0 मंजूनाथ टीसी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों द्वारा भौतिक रूप से उपस्थित होकर एवं वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रतिभाग किया गया। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण एवं डॉक्यूमेंटेशन सही एवं पूर्ण रूप से किया जाए तथा समयबद्ध निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर उनकी समस्या का समाधान किया जाए तथा आवश्यक फीडबैक प्राप्त किया जाए।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। बैठक के दौरान



लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उन्हें शीघ्र निस्तारित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही अधिकारियों को पोर्टल पर अपलोड की जाने वाली आख्या (रिपोर्ट) को स्पष्ट, तथ्यात्मक एवं संतोषजनक रखने के निर्देश भी दिए गए। जनपद पुलिस द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मीटिंग में डॉ0 जगदीश चंद्र, पुलिस अधीक्षक अपराध यातायात, मनोज कुमार कत्याल पुलिस अधीक्षक, अमित कुमार सैनी क्षेत्राधिकारी, सुमित पाण्डेय क्षेत्राधिकारी रामनगर, सुशील कुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रामनगर, रोहिताश सागर व0उ0नि0 हल्द्वानी, अ0उ0नि0 सुरेन्द्र ऐरी प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ , आशुलिपिक, पीआरओ द्वारा मीटिंग में प्रतिभाग किया गया।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531




जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# मयंक ने पास की जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। क्षेत्र के होनहार छात्र मयंक दास ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में 46वीं रैंक हासिल कर एक मिसाल कायम की है। उनकी इस अभूतपूर्व सफलता से न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। मयंक दास, देवेन्द्र कुमार दास एवं माता कनिका दास के सुपुत्र हैं और ग्राम शक्तिफार्म नंबर 4 टैगोर नगर के निवासी हैं। वर्तमान में वह क्षेत्र के एक निजी पब्लिक स्कूल जेल कैंप में अध्ययनरत हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद मयंक ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और कड़े अनुशासन के दम पर यह बड़ी उपलब्धि अपने नाम



की है। मयंक की इस सफलता के पीछे उनकी निरंतर मेहनत और मजबूत आत्मविश्वास के साथ साथ उनके पिता देवेन्द्र कुमार दास का अथक परिश्रम और सही मार्गदर्शन भी अहम रहा। परिवार ने हर कठिन परिस्थिति में उनका हौसला बढ़ाया जिसका सुखद परिणाम आज सभी के सामने है। विद्यालय के शिक्षकों ने भी मयंक की इस उपलब्धि पर गहरा हर्ष और गर्व जताते हुए कहा कि वह शुरू से ही एक मेधावी, अनुशासित और लक्ष्य के प्रति समर्पित छात्र रहे हैं। उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। क्षेत्र के गणमान्य लोगों और स्थानीय नागरिकों ने मयंक दास को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।


गुरू
मां
Bachha
hai tu
mera..!!
Ye Le
Best Cooling
Wala AC,
Guru Maa
Electronics
Se Laaya Hun
Tere Liye!
गुरू
मां
ELECTRONICS
Guru Maa electronics
99171 61111

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# होर्मुज जलमार्ग पर नरमी

पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद ईरान ने जवाब के तौर पर जो मोर्चे खोले, उसमें होर्मुज जलमार्ग को बाधित करना उसकी एक कारगर रणनीति साबित हुई है। इसी वजह से आज हालत यह है कि दुनिया के कई देश ईरान के सख्त रुख की वजह से कच्चे तेल और गैस के संकट का सामना कर रहे हैं। इनमें वैसे देश भी हैं, जिन्होंने ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले में कोई प्रत्यक्ष भागीदारी नहीं की है, वे किसी भी पक्ष में मैदान में नहीं हैं और मतभेद के मुद्दों का हल संवाद के जरिए करने के समर्थक हैं। भारत ने भी पश्चिम एशिया में उभरे संकट का समाधान बातचीत से निकालने के लिए आवाज उठाई है। शायद यही वजह है कि अब ईरान ने होर्मुज जलमार्ग से चीन और रूस सहित जिन पांच देशों को अपने जहाज निकालने की छूट दी है, उनमें भारत भी शामिल है।भारत आने वाले चार जहाज पहले ही होर्मुज जलमार्ग को पार कर चुके हैं, लेकिन अठारह जहाज उसी इलाके में फंसे हुए थे। ईरान के ताजा रुख के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि भारत के बाकी जहाज वहां से निकल कर आ सकेंगे और इससे देश में तेल और गैस के गहराते संकट को कम करने में मदद मिलेगी। हालांकि अमेरिका और इजरायल को लेकर ईरान अब भी सख्त है और शांति प्रस्तावों को लेकर भी उसने कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है। मगर होर्मुज जलमार्ग पर उसके रुख में आई नरमी से दुनिया के कुछ देशों को राहत मिल सकती है। बाकी ईरान जिन्हें शत्रु देश मानता है, उनके जलपोतों को लेकर वह अब भी सख्त है। जहां तक भारत का सवाल है, तो ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि हमने कुछ ऐसे देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की इजाजत दी है, जिन्हें हम मित्र मानते हैं। इसमें चीन, रूस, भारत, इराक तथा पाकिस्तान शामिल हैं। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से भारत ईरान के साथ लगातार कूटनीतिक संवाद के जरिए पश्चिम एशिया में संघर्ष खत्म कराने के साथ-साथ होर्मुज जलमार्ग से अपने लिए भी एक रास्ता निकालने की कोशिश कर रहा था। कुछ उतार-चढ़ाव को छोड़ दें, तो भारत और ईरान के संबंध दोस्ताना रहे हैं। ऐसे में अगर ईरान ने अगर होर्मुज जलमार्ग के रास्ते आवागमन के लिए भारत को भी सुविधा दी है, तो कूटनीतिक संवाद के एक सकारात्मक हासिल के साथ-साथ इसे उन्हीं संबंधों की एक कड़ी के तौर पर देखा जा सकता है। गौरतलब है कि होर्मुज जलमार्ग फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच एक संकरा रास्ता है, जिससे होकर दुनिया के कई देशों के जलपोत आवाजाही करते हैं। दुनिया के करीब बीस फीसद तेल और तरल प्राकृतिक गैस का परिवहन इसी रास्ते से होता है। यही वजह है कि ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया है, उसके बाद से विश्व भर में तेल और गैस की कीमतों में अप्रत्याशित उछाल आया है। भारत की भी ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत पश्चिम एशिया रहा है। मौजूदा संकट के बीच सरकार ने तेल और गैस का पर्याप्त भंडार होने की बात कही है, लेकिन सच यह है कि आम लोग रसोई गैस, तेल और उर्वरकों की कमी से उपजी मुश्किल का सामना कर रहे हैं।

# कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा का जोरदार स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा के प्रथम हल्द्वानी आगमन पर भारतीय जनता पार्टी नैनीताल जिला इकाई द्वारा भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाखड़ा पुल लामाचौड़ पर जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े और आतिशबाजी के बीच कैबिनेट मंत्री का अभिनंदन किया। वहां से विशाल वाहन रैली निकाली गई जिसमें लामाचौड़, फतेहपुर, कठघरिया, ब्लॉक, ऊंचापुल, कुसुमखेड़ा और लालडांठ सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं और आम जनता ने राम सिंह कैड़ा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इसके पश्चात भाजपा संभाग कार्यालय हल्द्वानी में आयोजित स्वागत समारोह में जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने नैनीताल जिले को कैबिनेट में स्थान देने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि पुष्कर सिंह धामी और राम सिंह कैड़ा के नेतृत्व में भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव में जिले की सभी छह विधानसभा सीटों पर विजय प्राप्त करेगी। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने अपनी नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया। साथ ही उन्होंने भीमताल विधानसभा के मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया जिनकी बदौलत उन्हें दोबारा निर्वाचित होकर प्रदेश मंत्रिमंडल में सेवा का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा जताये गए विश्वास पर वह खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे और मोदी व धामी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगामी चुनाव में भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल, दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य, दीपक मेहरा, नवीन वर्मा, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, पूर्व मेयर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, प्रदीप बिष्ट, बिंदेश गुप्ता, देवेंद्र ढैला, जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़, जिला उपाध्यक्ष प्रताप बोरा, जिला उपाध्यक्ष प्रतिभा जोशी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कंचन उप्रेती, जिला मंत्री प्रताप रैक्वाल, मंडल अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय, नीरज बिष्ट, जिला मीडिया प्रभारी नितिन राणा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय पाण्डे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# नशे के सौदागरों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

## एसएसपी ने कोतवाली में जनता से संवाद कर जानीं समस्याएं

किच्छा (उद संवाददाता)। जनपद उधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने नशे के कारोबारियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि गली-मोहल्लों में युवाओं को नशे की गर्त में धकेलने वाले नशा तस्करों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस कप्तान ने क्षेत्राधिकारी भूपेन्द्र सिंह धौनी और कोतवाल प्रकाश सिंह दानू को नशे का व्यापार करने वाले संदिग्धों को तत्काल हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए हैं। गुरुवार को कोतवाली परिसर में आयोजित जनता संवाद कार्यक्रम के दौरान एसएसपी अजय गणपति ने स्थानीय नागरिकों की समस्याएं और सुझाव सुने। इस दौरान लोगों ने शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। नागरिकों ने बताया कि ई-रिक्शा और टेंपो के कारण सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है, वहीं सोमवार और शुक्रवार को साप्ताहिक हाट बाजार के दौरान मंडी रेलवे फाटक पर घंटों जाम लगने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों ने दरऊ चौक को बंद कर बनाए गए वैकल्पिक कट पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने और स्कूली बच्चों द्वारा किए जा रहे बाइक स्टंट पर प्रभावी रोक लगाने की भी मांग की। एसएसपी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी भूपेन्द्र सिंह और कोतवाल प्रकाश सिंह दानू को समस्याओं के त्वरित समाधान और आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि पुलिस बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। संवाद कार्यक्रम के पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय, हवालात, शस्त्रागार, भोजनालय और निर्माणाधीन पुलिस आवासों का बारीकी से जायजा लिया। उपनिरीक्षकों के साथ बैठक कर उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण की कड़ी में एसएसपी ने दरऊ चौक पर बनाए गए कट का भी भौतिक सत्यापन किया और सुरक्षा मानकों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। कार्यक्रम में एएसपी उत्तम सिंह नेगी, संजीव सिंह, संजीव खन्ना, विजय अरोरा, नितिन फुटेला, पूरन भट्ट, अब्दुल रशीद जक्कू, दानिश इकबाल, ब्रहानंद पुरोहित, अरुण तनेजा और जगरुप सिंह गोल्डी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# चुनिंदा लोगों तक सीमित रह गया पुलिस का जनता संवाद

किच्छा। स्थानीय कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली और जनता के साथ उनके संवाद के तरीकों पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। पिछले दो-तीन वर्षों से यह देखा जा रहा है कि कोतवाली में आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रमों और बैठकों की जानकारी केवल कुछ चुनिंदा लोगों तक ही सीमित रखी जा रही है। चाहे वह जनता संवाद कार्यक्रम हो या अमन कमेटी की बैठक, आम जनता और सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के बजाय केवल खास लोगों को ही आमंत्रित करने की परंपरा चल पड़ी है। हैरानी की बात यह है कि इन महत्वपूर्ण बैठकों में नगर के 20 वार्डों के वर्तमान, पूर्व या निवर्तमान सभासदों की उपस्थिति भी नगण्य रहती है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सूचनाओं से दूर रखा जा रहा है। सबसे गंभीर विषय यह है कि पुलिस प्रशासन द्वारा इन बैठकों की जानकारी प्रिंट, सोशल या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को भी समय पर उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। मीडिया और पब्लिक से पुलिस की इस बढ़ती दूरी का सीधा असर कानून व्यवस्था पर पड़ रहा है। संवाद की कड़ी टूटने के कारण पुलिस को आपराधिक घटनाओं के खुलासे में आम जनता का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है, जिससे पुलिसिंग का मूल उद्देश्य ही प्रभावित हो रहा है। ताजा मामला बृहस्पतिवार का है, जब जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति का किच्छा कोतवाली में जनता संवाद कार्यक्रम प्रस्तावित था। विडंबना देखिए कि पुलिस कप्तान के आगमन और इतने महत्वपूर्ण कार्यक्रम की जानकारी स्थानीय पत्रकारोंको देना भी किच्छा पुलिस ने जरूरी नहीं समझा। सूचना के अभाव में न तो मीडिया कर्मी वहां पहुंच सके और न ही आम जनता अपनी समस्याओं को लेकर कप्तान के सामने आ सकी।

# सीएम धामी ने किया कन्या पूजन

देहरादून (उद संवाददाता)। रामनवमी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में कन्या पूजन कर देवी स्वरूपा बालिकाओं का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार कन्याओं को भोजन कराया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समस्त प्रदेशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का संपूर्ण जीवन चरित्र हमें कर्तव्यनिष्ठा के साथ सत्य और धर्म के मार्ग पर



चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रभु श्रीराम से प्रार्थना की कि सभी का जीवन सुख, समृद्धि और खुशहाली से परिपूर्ण हो तथा उत्तराखंड राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे। उन्होंने कहा कि रामनवमी का पर्व मर्यादा, आदर्शों और नैतिक मूल्यों के प्रति हमारी आस्था को और अधिक सुदृढ़ करता है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि कन्या पूजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है जो नारी सम्मान और सामाजिक समरसता का स्पष्ट संदेश देता है।

# महा अष्टमी पूजा विधि-विधान के साथ संपन्न हुई, भक्तों ने किया पूजन

दिनेशपुर। बसंती पूजा महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को महा अष्टमी पूजा विधि-विधान के साथ संपन्न हुई। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। पुरोहित बनवाली चक्रवर्ती ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अष्टमी पूजा कराई। इस अवसर पर महामाई के आठवें स्वरूप मां महागौरी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई।मंदिर में स्थापित सभी देवी प्रतिमाओं को फूल-मालाओं से सजाया गया। पारंपरिक वाद्य यंत्रों और मंगल ध्वनियों के बीच श्रद्धालुओं ने देवी के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। महा अष्टमी के उपलक्ष्य में क्षेत्र के मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा।कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन कर उन्हें भोजन कराया और अपने व्रत का पारायण किया। भक्तों ने 108 दीप जलाकर माता की आरती उतारी और अपने इष्ट देव के समक्ष शीश नवाकर मनोकामनाएं मांगीं। दोपहर तक बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक परिधानों में बसंती पूजा के पुष्पांजलि कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस अनुष्ठान को डॉ. सुधीर राय और विशाल गाइन की टीम ने संपन्न कराया। शाम को संध्या आरती के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक धुनोची नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया।आयोजकों के अनुसार शुक्रवार को महानवमी के अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देवी प्रतिमा के समक्ष पूर्णाहुति दी जाएगी।इस मौके पर विधायक अरविंद पांडे, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सरकार, महिला कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार, बंगाली कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष रवि सरकार सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





## दुर्गा मंदिर प्रांगण में भक्ति संगीत संध्या आयोजित

दिनेशपुर। महिला संगठन के द्वारा 22 वा वर्ष बसंती पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार देर रात्रि दुर्गा मंदिर देवी प्रतिमा के समक्ष वरिष्ठ समाजसेवी एवं भक्ति संगीत गायक हरिदास मंडल के नेतृत्व में टीम के द्वारा मां दुर्गा के सामने भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें बांग्ला हिंदी मां दुर्गा एवं श्यामा काली पूजन से संबंधित विभिन्न भक्तिमूलक भजन एवं गीत प्रस्तुत किए। देर रात्रि तक हरिदास मंडल के टीम के साथ प्रदीप कुमार तथा महिला गायक के टीम ने मनमोहक प्रस्तुति दी।

# कोई लोड़ पई तां मंगा गे नहीं ते शुकर मनावांगे

## अष्टमी पर श्री नीलकंठ धाम में सजा माता का दरबार, उमड़ी भक्तों की भीड़







रुद्रपुर। अष्टमी के उपलक्ष्य में श्री नीलकंठ धाम में सजे भव्य माता के दरबार में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर हाजिरी लगाई और मैया रानी का गुणगान किया। चौत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित हो रही चौकियों के अंतिम दिन अष्टमी पर श्री नीलकंठ धाम में चांद किशन शर्मा और मेयर विकास शर्मा की ओर से भव्य दरबार सजाया गया।इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महामाई और बाबा का गुणगान किया तथा भक्ति में लीन होकर देर रात तक भजनों पर झूमते रहे।कार्यक्रम की शुरुआत शर्मा परिवार द्वारा ज्योत प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात गणेश वंदना श्रीराम स्तुति हनुमान चालीसा तथा श्री बालाजी महाराज भैरवनाथ और प्रेतराज की आरती के साथ दरबार का विधिवत शुभारंभ हुआ। भजन संध्या के दौरान माता रानी भोलेनाथ और बालाजी महाराज के मधुर भजनों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया।दरबार में भजन गायक विनीत अरोरा ने सालासर वाले मेरे बाला जी और कालका माँ मुझे तेरी जरूरत है भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भजन गायक पवन खनिजो ने डम डम डमरू बजे घन घन घंटा बजे तथा अपनी पायल का घुंगरू बना लो मुझे भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को शिवमय कर दिया।सुमित वार्ष्णेय ने दे चरणां दा प्यार मईया जी सानू रख लो सेवादार और बम भोले बम भोले कहना चाहिदा जैसे भजनों से श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर कर दिया। रितेश मनोचा ने रज के रजाया सानू माता ने और तू भीख ना देगी तो मैं शोर मचा दूंगा भजनों के माध्यम से अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति दी जिससे श्रद्धालु झूम उठे।संजीव शर्मा ने वो नाचे संकट बाबा के दरबार में और दर पे बुला रहा है ये कृपा नहीं तो क्या है भजनों से भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। दरबार में पहुंचे भक्तों ने सुंदर भजनों का खूब आनंद उठाया और झूमते हुए मैया रानी व बाबा का गुणगान किया।दरबार के दौरान भजनों के बीच गद्दी पर विराजमान महंत विकास शर्मा पर माता रानी और बालाजी महाराज की कृपा प्रकट हुई जिस पर श्रद्धालुओं ने उनका आशीर्वाद लेकर सुख समृद्धि और शांति की कामना की। इस अवसर पर डाल चंद, अतुल बंसल, राजकुमार खनिजो, वेद ठुकराल, मोहित बत्रा राकेश ,राजीव रस्तोगी,गौरव जुयाल, सचिन खुराना, अजय चड्ढा, संजय ठुकराल, हितेश ठुकराल,अमित अरोड़ा, विवेक दीप सिंह, पम्मी सुखीजा, शिवांश सुखीजा, पारस चुघ, हरवीर राठी, हरवेश मनोचा, संदीप मनोचा, ललित नारंग, सुरेंद्र शर्मा, चंद्रसेन गंगवार,दीपक शर्मा, राजीव मनोचा, पवन खनिजों, पवन रंगीला, मोहित अरोड़ा, विजय तोमर, अनुज पाठक, रोहित मदान, मुकेश शर्मा, अमन खुराना, गौरव खुराना, सोनू, संदीप वाल्मीकि, मुकेश भटनागर, काशीराम, रविंद्र वार्ष्णेय, मीना वार्ष्णेय, यशी वार्ष्णेय, सीमा नारंग, कंचन नारंग, पूनम मदान, नीलू खुराना, गीता शर्मा, भूमिका शर्मा, संगीता बठला, सुमन मनोचा, अनीता मनोचा, विमला, रेशू सक्सेना, श्वेता, नेहा अरोड़ा, प्रिया मनोचा, मोना खुराना, राजेंद्र कौर, इंद्रजीत कौर, मुस्कान खनिजों, सीमा रानी, रामबेटी, चिका शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## परिवहन शुल्क में वृद्धि के खिलाफ अभिभावकों ने खोला मोर्चा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। निजी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के बस और वैन के मासिक परिवहन शुल्क में की गई बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ अभिभावकों और जनप्रतिधियों ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। शुक्रवार को अभिभावक सुशील गाबा और पूर्व पार्षद जगदीश तनेजा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने उपसंभागीय अधिकारी के माध्यम से अध्यक्ष/परिवहन आयुक्त, राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए) उत्तराखंड को ज्ञापन भेजकर बढ़ी हुई दरों को तत्काल वापस लेने की मांग की। ज्ञापन में अवगत कराया गया कि बीते 25 मार्च को राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक में निजी स्कूलों के परिवहन शुल्क को 2200 रुपये से बढ़ाकर 3700 रुपये प्रति माह तक निर्धारित कर दिया गया है। अभिभावकों का कहना है कि गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार पहले से ही महंगी किताबें, स्कूल ड्रेस और ट्यूशन फीस के भारी आर्थिक बोझ तले दबे हुए हैं। ऐसे में परिवहन शुल्क में इतनी भारी बढ़ोतरी करना अभिभावकों की कमर तोड़ने जैसा है। प्रतिनिधिमंडल ने चिंता जताई कि



एसटीए के इस आदेश का हवाला देकर निजी स्कूल एसोसिएशन मनमाने ढंग से शुल्क वृद्धि लागू कर देंगे, जिससे अभिभावकों पर अत्यधिक आर्थिक भार पड़ेगा। सुशील गाबा और पूर्व पार्षद जगदीश तनेजा ने स्पष्ट किया कि यदि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस आदेश को तत्काल वापस नहीं लिया गया, तो क्षेत्र के समस्त अभिभावक उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व ग्राम प्रधान सुरेश गौरी, पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष जावेद अख्तर, पार्षद प्रतिनिधि सचिन मुंजाल, समाजसेवी सुरेंद्र गाबा, पूर्व पार्षद रमेश कालड़ा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोनू निषाद, हैप्पी रंधावा, सुनील छाबड़ा, कमल पांडे, अशोक कुमार, विक्की कुमार, करण कुमार, सुरेश वाधवा और प्रवीन कुमार सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## चोरी के जेवर व नगदी सहित तीन किशोर गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस ने चोरी की एक घटना का खुलासा करते हुए बंद घर से चुराए गए लाखों रुपए कीमत के जेवरात और हजारों रुपए की नगदी के साथ तीन किशोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कोतवाली प्रभारी मोहन चन्द्र पाण्डे ने बताया कि 25 मार्च को निशान्त सिंह पुत्र मेवा सिंह निवासी जनपद रोड रूद्रा विहार कालोनी, ट्रांजिट कैम्प ने कोतवाली में मुकद्मा दर्ज कराया कि 12 मार्च को उसके भाई जगविन्दर सिंह की मृत्यु हुयी थी। उसी दिन उसकी सास जोगेन्द्र कौर आयी हुयी थी और 21 मार्च को उसके भाई का दसवा था। 20 मार्च को सास अपने दो बच्चो को लेकर अपने गाँव चली गयी थी उसी दिन लगभग सुबह 4 बजे उसके घर से 20 हजार रूपये कैश , चादी की पायल, एक जोड़ी सोने के टोप्स अज्ञात द्वारा चौरी कर लिया गया। कोतवाल ने बताया कि मामले मे कार्यवाही करते हुए मुखबीर की सूचना पर घटना मे चोरी के माल सहित 03 नाबालिक किशोरो को पंचवटी कलौनी से पुलिस संरक्षण मे लिया गया है। सभी के नाबालिक किशोरो के विरुद्ध किशोर न्याया बोर्ड के अन्तर्गत कार्यावाही कि जा रही है। उन्होंने बताया गिरफ्तार किशोरों में एक के पास से 01 जोड़ी सफेद धातू की पायल व 4500 रुपए नगद व बेक की पास बुक, दूसरे से पीली धातू का एक टॉप्स जिसमे लाल व सफेद नग जडे है तथा 2000 रुपए नगद और तीसरे से पीली धातू का एक छोटा टॉप्स जिसमे लाल और सफेद नग जडे है व 2200 रुपए नगद बरामद हुए। पुलिस टीम में उप निरीक्षक विकास रावत, उप निरीक्षक मनोज कुमार,उप निरीक्षक नेहा ध्यानी, अपर उप निरीक्षक चन्द्रप्रकाश बवाड़ी, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल विरेन्द्र सिंह मेहता शामिल थे।

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

## पेज एक का शेष...

**प्रधानमंत्री मोदी से मिले ....**मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश में विद्युत लाइनों के भूमिगतकरण, चम्पावत बाईपास, देहरादून रिंग रोड एवं देहरादून-मसूरी रोड जैसी महत्वपूर्ण आधारभूत परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए भी प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने, उत्तराखंड दौरे पर प्रधानमंत्री जी द्वारा दिए गए सुझावों और मार्गदर्शन पर राज्य सरकार द्वारा की गई कार्यवाही की भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड को वैश्विक वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए चौपता, दुग्गलबिट्ठा, पटवाडांगर और शारदा कॉरिडोर क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है, जबकि रामनगर, देहरादून, ऋषिकेश और त्रियुगीनारायण पहले से लोकप्रिय वेडिंग डेस्टिनेशन बन चुके हैं। राज्य में वेडिंग डेस्टिनेशन के लिए पालिसी भी तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में आध्यात्मिक आर्थिक क्षेत्र (ैचपतपजनंस म्बवदवउपब र्वदम) के रूप में बेल केदार, अंजनीसैंण-टिहरी तथा लोहाघाट-यामलाताल क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है। राज्य सरकार ने शीतकालीन यात्रा भी प्रारंभ कर दी है, जिसके परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आदि कैलास यात्रा में वर्ष 2022 में 1761 श्रद्धालुओं की तुलना में वर्ष 2025 में 36453 श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन किया गया। यहाँ के लिए हेलीसेवा भी शुरू की गई। इसी तरह राज्य में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, कयाकिंग सहित अनेक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही स्थानीय रोजगार सृजन के लिए वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुँचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा, पर्यटन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए "एक जिला-एक मेला", क्लस्टर विद्यालय योजना, भारत दर्शन एवं उत्तराखण्ड दर्शन कार्यक्रम जैसी पहलों की जानकारी भी प्रधानमंत्री को दी। मुख्यमंत्री ने दिल्ली से मेरठ तक संचालित परियोजना का विस्तार मेरठ से हरिद्वार एवं ऋषिकेश तक किए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड में रक्षा उपकरण निर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए नीति समर्थन एवं प्राथमिकता देने का भी अनुरोध किया। उन्होंने राज्य की सामरिक स्थिति, उपलब्ध प्रशिक्षित मानव संसाधन और विकसित औद्योगिक ढांचे को इस दिशा में उपयुक्त बताया। मुख्यमंत्री ने कोटद्वार, हरिद्वार एवं देहरादून में **Defence Equipment Production Industrial Hub** की स्थापना पर भी केंद्र से सहयोग का अनुरोध किया। इसके साथ ही रायवाला क्षेत्र में बीआई-डक ब्रिज के विकास तथा उत्तरकाशी जिले में स्थित चिन्यालीसौड़ एयरस्ट्रिप के विस्तार की आवश्यकता पर भी बल दिया। मुख्यमंत्री ने टिहरी झील में सी-प्लेन सेवा प्रारंभ करने का प्रस्ताव भी प्रधानमंत्री के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने दिल्ली-हल्द्वानी एक्सप्रेस-वे के निर्माण का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से काशीपुर, रुद्रपुर औद्योगिक क्षेत्र, पंतनगर एयरपोर्ट तथा रामनगर स्थित जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क तक आवागमन सुगम होगा और पर्वतीय क्षेत्रों के लिए यातायात एवं लॉजिस्टिक्स में उल्लेखनीय सुधार आएगा। रेल कनेक्टिविटी के विस्तार पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के अंतर्गत ऋषिकेश से व्यासी खंड के शीघ्र लोकार्पण, टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन में रोड-कम-रेल टनल निर्माण, बागेश्वर-कर्णप्रयाग नई रेल लाइन के सर्वे तथा हरिद्वार-देहरादून रेल लाइन के डबलिंग का अनुरोध किया। उन्होंने सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण उत्तरकाशी क्षेत्र को रेल नेटवर्क से जोड़ने हेतु ऋषिकेश-उत्तरकाशी रेल लाइन के निर्माण का भी प्रस्ताव रखा, जिससे गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम की यात्रा सुगम होने के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उत्तराखण्ड आगमन का निमंत्रण देते हुए विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास का प्रस्ताव भी रखा। प्रस्तावित लोकार्पण में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे तथा टिहरी पम्प्ड स्टोरेज प्लांट शामिल हैं, जबकि शिलान्यास के लिए पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तार एवं बनबसा लैंड पोर्ट परियोजना शामिल है। मुख्यमंत्री ने बताया कि चम्पावत जनपद के बनबसा क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा पर विकसित हो रहा लैंड पोर्ट व्यापार, आवागमन एवं क्षेत्रीय सहयोग को नई गति देगा तथा एशियन हाईवे से जुड़कर अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करेगा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को उत्तराखण्ड में संचालित विशिष्ट पहलों एवं प्रमुख सुधारों की भी विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से होम-स्टे योजना के अंतर्गत 6000 से अधिक होम-स्टे पंजीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने बागवानी क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए अल्मोड़ा के चौबटिया में सेब, चेरी, प्लम एवं नाशपाती हेतु सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जाने तथा किसानों के प्रशिक्षण के लिए विशेष व्यवस्थाओं की जानकारी दी। कहा कि सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए केंद्र सरकार की वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत चयनित गांवों में स्थानीय संस्कृति, भोजन एवं हस्तशिल्प को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन किया जा रहा है।

**लॉकडाउन की अफवाहों ...**तथा एकजुट रहने की भावुक अपील की है। संसद भवन में मीडिया से मुखातिब होते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने भी इन खबरों को भ्रामक करार दिया। उन्होंने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। रिजिजू ने जानकारी दी कि सरकार ने आम जनता को राहत देने के लिए हाल ही में एक्साइज ड्यूटी में कटौती की है ताकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ते तेल के दामों का बोझ नागरिकों पर न पड़े। उन्होंने कहा कि संसद में भी इस जनहितैषी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया जाएगा। सरकार की ओर से जारी संदेश में कहा गया है कि ऊर्जा आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। सरकार ने लोगों को सलाह दी है कि वे जरूरत से ज्यादा पेट्रोल या गैस का भंडारण न करें, क्योंकि अनावश्यक जमाखोरी से कृत्रिम किल्लत पैदा होती है। सरकार अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर पैनी नजर बनाए हुए है और नागरिकों से पैनिक न होने का आग्रह किया गया है।

**लाखों की स्मैक...**जा चुके हैं और बरामद माल को किसी अनजान व्यक्ति को बेचने के लिए यहां आए थे। कार की तलाशी के दौरान डैशबोर्ड से सुखदेव सिंह के नाम का आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन की आरसी बरामद हुई। इसके अलावा अभियुक्तों के पास से तीन मोबाइल फोन (सैमसंग अल्ट्रा 23, आईफोन 13 और ओप्पो) और 1100 रुपये की नकदी भी बरामद की गई है। पुलिस ने स्मैक के साथ ही तस्करी में प्रयुक्त आर्टिगा कार को भी अपने कब्जे में ले लिया है। अभियुक्तों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/60 के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। टीम में उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह खत्री, उपनिरीक्षक दीपक बहुगुणा, हेड कांस्टेबल भुवन पांडे, कांस्टेबल विनोद खत्री, कांस्टेबल महेश पंचपाल और होमगार्ड कृपाल सिंह यादव शामिल रहे।

**सम्मोहित कर महिला...**शुरू की। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने गिरोह के एक सदस्य रोशन अली पुत्र मोहम्मद रफी, निवासी लाल जी शिवजी पटेलनगर कॉलोनी, बरेली को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में रोशन अली ने अपने दो अन्य साथियों के नाम भी उगले हैं जो इस वारदात में शामिल थे। पुलिस गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्यवाही कर रही है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें रवाना कर दी गई हैं।**यूटयूब वीडियो से ...**चालाकी से धर्मपाल से ओटीपी पूछ लिया। जैसे ही धर्मपाल ने ओटीपी साझा किया, उसके बैंक खाते से कुल 1,00,000 रुपये कट गए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने तुरंत पुलिस की शरण ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और साइबर सेल की मदद से आरोपी नंबर को ट्रैक किया जा रहा है।

**केमू की बस...** भेज दिया है। घायलों में एक महिला की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है। सभी आठ घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भवाली और हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा गया है। हादसे की सूचना मिलते ही एसडीएम प्रमोद कुमार और तहसीलदार कुलदीप पांडेय ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना और अस्पताल प्रशासन को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सुशीला तिवारी अस्पताल के प्राचार्य गोविंद तितीयाल भी मौजूद रहे।

**तो फर्जी वोटों से ....**चुनाव जीतते चले आ रहे हैं ? यह सवाल रुद्रपुर सहित उत्तराखंड की अन्य तमाम विधानसभा सीटों के लिए इसलिए भी प्रासंगिक हो जाता है, क्योंकि उत्तराखंड की कई विधानसभा सीटों पर जीत हार का अंतर 1000 से भी कम होता है, ऐसी स्थिति में संदिग्ध वोटरों भारी की मौजूदगी के चलते गड़बड़ी की संभावना को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# हिंदू नव वर्ष पर कवि सम्मेलन में सराबोर हुए श्रोता

## तद्भव परिवार और ब्रह्माकुमारीज के संयुक्त तत्वाधान में हुआ कवि सम्मेलन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। तद्भव परिवार एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय भूरारानी सेवा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में सिटी क्लब में हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी भारत भूषण चूघ, संजय ठुकराल, बीके तिलक भाई, ललित राठौर, जयंत शाह और परिमल राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कवि सम्मेलन की शुरुआत कवियत्री काव्य श्री जैन द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात कवि उपेंद्र पांडेय ने सरहदों पर न्योछावर विषय पर वीर रस की कविता सुनाकर श्रोताओं में जोश भर दिया। कवि जयंत शाह ने अपनी रचना हे लेखनी लज्जित प्रस्तुत की, जबकि हास्य कवि लटूरी लट्ठ ने अपनी विशिष्ट शैली में हास्य रस की कविताओं से उपस्थित जनसमूह को लोटपोट कर दिया। कार्यक्रम में कवि नागेश शांडिल्य और त्यागी अशोक कृष्णम ने भी अपनी उत्कृष्ट रचनाओं का पाठ कर समां बांध दिया। इस अवसर पर शहर के बड़ी संख्या में संभ्रांत नागरिक और साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। कवि सम्मेलन के संयोजक बीके तिलक भाई ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और स्वागत किया।















